आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 10.02.2026 समय : 18.30 पीएम

- उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी कल विधानसभा में राज्य का वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगीं
- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा केन्द्र ने देश में साइबर अपराधों को खत्म करने के लिए कई पहल की हैं
- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को देश के विभिन्न हिस्सों से बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे के नेटवर्क का पता लगाने के निर्देश दिएं
- प्रदेश के हर जिले में आर्द्रभूमि को विकसित किया जाएगां

000

उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी कल सुबह 11 बजे विधानसभा में राज्य का वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगीं उन्होंने आज वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बजट को अंतिम रूप दियां उपमुख्यमंत्री के बजट भाषण का आकाशवाणी जयपुर से सजीव प्रसारण किया जायेगां ये प्रसारण कल सुबह 10 बजकर 57 मिनिट से राजस्थान स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों पर उपलब्ध होगां यदि बजट भाषण 1.00 बजे के बाद भी जारी रहता है तो दोपहर 1 बजे आकाशवाणी जयपुर से प्रसारित होने वाला हिन्दी का प्रादेशिक समाचार बुलेटिन बजट भाषण के तुरन्त बाद प्रसादित किया जायेगां कल इस बुलेटिन की अवधि 10 मिनिट की होगीं इसके अलावा दोपहर 3 बजे राजस्थानी में 10 मिनिट का विशेष बजट बुलेटिन प्रसारित किया जाएगां इस बीच उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने कहा है कि कल का बजट समाज के हर वर्ग के हित में होगां

.....................

विकसित राजस्थान के रोडमैप पर आधारित इस बजट को लेकर प्रदेशभर में लोगों को काफी आशा हैं सिरोही जिले में आमजन को उम्मीद है कि यह बजट हर वर्ग के लिए फायदेमंद होगां वहीं पाली के आई–स्टार्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजवीर ने आशा व्यक्त की कि बजट में शिक्षा के साथ तकनीक और एआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि स्कूली विद्यार्थी नए ऐप बनाने और आधुनिक तकनीक सीखने में सक्षम हो सकें बाड़मेर के जोगेन्द्र हुड्डा ने कहा कि उन्हे विश्वास है कि कल का बजट किसानों के हित में होगां

000

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कियां इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब देश की सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में साइबर अपराध को खत्म करने के लिए कई पहल शुरू की हैं श्री शाह ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र – आई4सी साइबर अपराध के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मंच बन गया हैं

...................

गृह मंत्री ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी बी आई की नई साइबर अपराध शाखा का भी उद्घाटन किया और गृह मंत्रालय के राज्य साइबर अपराध समन्वय केंद्र डैशबोर्ड का भी शुभारंभ कियां इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत में साइबर–आधारित धोखाधड़ी के पैमाने, रुझानों और बदलते स्वरूप के बारे में साझा जानकारी विकसित करना हैं दो दिन का यह सम्मेलन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सहयोग से आयोजित किया हैं

सुरक्षित इन्टरनेट दिवस के मौके पर आज राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र की ओर से जयपुर में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गयां इस कार्यशाला में समाज में इंटरनेट के सुरक्षित, जिम्मेदार और सकारात्मक उपयोग के बारे में जागरूक किया गयां

000

लोकसभा में विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया हैं लोकसभा सूत्रों के अनुसार, विपक्ष ने यह नोटिस लोकसभा के महासचिव को सौंप दिया हैं सूत्रों ने बताया कि नोटिस की जांच की जाएगी और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगीं कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, आरजेडी और वामपंथी दलों सहित विपक्षी दलों ने महासचिव को सौंपे गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं

000

उच्चतम न्यायालय ने आज केंद्र सरकार से देश के विभिन्न हिस्सों से बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या राज्य–विशिष्ट समूह की मौजूदगी का पता लगाने को कहा हैं न्यायमूर्ति बी.वी. नागरतना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि इन घटनाओं के पीछे कोई समानता है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को सभी राज्यों से आंकड़े एकत्र करने को कहा हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर के आराध्य श्री गोविंददेव जी मंदिर परिसर से विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ कियां इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संत–महात्मा सनातन संस्कृति को मजबूत कर राष्ट्र को सही दिशा दे रहे हैं उन्होंने युवाओं से संतों की शिक्षाओं को आत्मसात करने और भारत की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का आह्वान कियां श्री शर्मा ने मंदिर में विधिवत पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–समृद्धि की कामना कीं कलश यात्रा में हजारों महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लियां इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा बस्तीनाथ महाराज का सम्मान भी कियां कार्यक्रम में विधायक देवी सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें

000

प्रदेश के हर जिले में अब कम से कम एक नम भूमि को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगां जयपुर में आज राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की बैठक में पर्यावरण विभाग के शासन सचिव विजय एन ने इसके लिए जिला–वार सूचियां तैयार करने के निर्देश दिएं इसके साथ ही उन्होंने अलवर की सिलीसेढ़ झील को मॉडल वेटलैंड के रूप में विकसित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे अन्य नम भूमि के प्रबंधन को नई दिशा मिलेगीं सिलीसेढ़ झील पक्षियों की 149 प्रजातियों का बसेरा है और सरिस्का टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में स्थित एक महत्वपूर्ण रामसर साइट हैं इसके संरक्षण के लिए पर्यावरण और वन विभाग तथा स्थानीय प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य करेंगें

000

भरतपुर के विश्व प्रसिद्ध केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी उभ्यारण्य में अब पर्यटकों का अनुभव और भी हाईटेक होने जा रहा हैं उद्यान प्रशासन ने नई तकनीक अपनाते हुए पर्यटकों के लिए खास थ्री–डी सेल्फी पॉइंट तैयार किए हैं इन पॉइंट्स पर सैलानी पक्षियों के 'लाइफ साइज' मॉडल के साथ तस्वीरें ले सकेंगें साथ ही, वहां लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर पक्षियों के बारे में विस्तृत वैज्ञानिक जानकारी भी तुरंत प्राप्त कर सकेंगें

हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि इस नवाचार का उद्देश्य वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यटन को आधुनिक रूप देना हैं

000

पशुपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने आज पाली के सुमेरपुर में राजकीय जनजाति आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कियां उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक प्रगति और छात्रावास की सुविधाओं का जायजा लियां श्री कुमावत ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 17 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालय का नया भवन तैयार किया जा रहा हैं उन्होंने आश्वस्त किया कि अगले शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों को इस नए और सुविधायुक्त भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगां

000

राज्यभर में आयोजित ग्रामोत्थान शिविर ग्रामीणों और पशुपालकों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं सिरोही जिले में आज सांतपुर और दत्ताणी गिरदावर सर्किल में आयोजित शिविरों में कृषि, पशुपालन और डेयरी सहित विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं की जानकारी दीं जिले में अब तक इन शिविरों के माध्यम से लगभग चालीस हजार किसानों को सहकारी ऋण और इतने ही पशुपालकों को पशु चिकित्सा का लाभ मिला हैं किसान मोहनलाल ने बताया की इन शिविरों के माध्यम से किसानों को बहुत लाभ पहुंच रहा हैं

000

प्रदेश में दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी हैं कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि गर्मी के प्रभाव से गेहूं और जौ की फसल को बचाने के लिए तुरंत सिंचाई यानी पिलाई करें विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर सिंचाई करने से पौधों को नमी मिलेगी और

उत्पादन क्षमता प्रभावित नहीं होगीं किसानों का भी मानना है कि तापमान में अचानक आए इस बदलाव को देखते हुए अतिरिक्त सिंचाई ही फसल के बचाव का एकमात्र रास्ता हैं

000